तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026


14 सुशासन तिहार में आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश


15 कपिलेश्वर मंदिर में मनाया गया "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व



## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें**




1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.

**खबर संक्षेप**

### फांसी लगाकर बुजुर्ग ने की आत्महत्या



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम बैहाकुंआ में रविवार को एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अलीराम प्रजापति (65 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घटना सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। अलीराम प्रजापति ने अपने घर के एक कमरे में मियार से गमछे के सहारे फांसी लगा ली। जब घर के सदस्य कमरे में पहुंचे तो उन्हें बुजुर्ग फांसी पर झूलते मिला। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की। एएसआई अनीतराम यादव ने परिवार के हवाले से बताया कि परिजनों के अनुसार मृतक लंबे समय से बीमारी से परेशान रहता था, प्रारंभिक तौर पर इसी वजह से आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मृतक के पुत्र श्याम कुमार प्रजापति की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले को जांच विवेचना में लिया है।

**तैयारी**

**18 मई तक जमा होंगे नामांकन, 1 जून को होगा मतदान**

# नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न नगरीय निकायों एवं और त्रिस्तरीय उप निर्वाचन 2026 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी की गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार सोमवार 11 मई को निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अभ्यथएँ अपना नाम निर्देशन पत्र 18 मई को दोपहर 03 बजे तक जमा कर सकते हैं, इसके पश्चात 19 मई को नाम निर्देशन पत्रें की संवीक्षा की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापसी की अंतिम तिथि 21 मई निर्धारित की गई है। नगरीय निकाय में मतदान की प्रक्रिया 01 जून को सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक संपन्न होगा तथा नगरीय निकाय की मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 04 जून को प्रातः 09 बजे से की जाएगी।

त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन हेतु मतदान 01 जून को सुबह 07 बजे से शाम 03 बजे तक संपन्न होगी। पंचायतों के लिए मतदान केंद्र पर ही उसी दिन 01 जून को




मतदान के पश्चात मतगणना शुरू हो जाएगी, जबकि खंड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 02 जून को सुबह 09 बजे से तथा गुरूवार 04 जून 2026 को सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच, सरंपच, जनपद पंचायत के खण्ड स्तर पर की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत जनपद पंचायत बालोद के ग्राम पंचायत हथौद, डेगरापार एवं लाटाबोड़, जनपद पंचायत गुरूर के ग्राम पंचायत कंवर, धनेली, कोलिहामार, बालोदगहन एवं डढारी, जनपद पंचायत गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत डुड़िया, सियनमरा, साजा, बोरगहना, सांकरी, हलदी, कसौंदा, मचौद, जेवरतला, देवरी ख. बोरगहन फु, खपरी ब एवं परना, जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के ग्राम पंचायत कापसी, कोरगुड़ा, करेंगांव, डेंगरापार, भण्डेरा, टटेंगा, बैहाकुआं, कसही लो एवं जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम पंचायत ठेमाबुजुर्ग एवं अवारी सहित कुल 31 ग्राम पंचायतों में उप निर्वाचन कार्य संपन्न होगा। जिसमें जनपद पंचायत बालोद के 03 ग्राम पंचायतों में 1941 पुरूष मतदाता एवं 2037 महिला मतदाता सहित कुल 3978 मतदाताओं की संख्या है। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के 05 ग्राम पंचायतों में 4370 पुरूष एवं 4521 महिला मतदाता सहित कुल 8891, जनपद पंचायत गुण्डरदेही के 13 ग्राम पंचायतों के 9116 पुरूष एवं 9109 महिला सहित कुल 18225, जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के 08 ग्राम पंचायतों के 5494 पुरूष, 5504 महिला एवं 02 अन्य मतदाता सहित कुल 11 हजार एवं जनपद पंचायत ▶▶| शेष पेज 14 पर

### रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 अंतर्गत जनपद पंचायत बालोद के लिए तहसीलदार आशुतोष शर्मा को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी झूमुक सिंह राजपुत को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत गुरुर के लिए तहसीलदार हनुमंत सिंह श्याम को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद पंचायत गुरुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत गुण्डरदेही के लिए तहसीलदार कोमल ध्रुरव को रिटर्निंग ऑफिसर एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा गुंडरदेही के अनुविभागीय अधिकारी घनश्याम सिन्हा को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के लिए तहसीलदार हिंसा राम नायक को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत डौंडी के लिए तहसीलदार देवेंद्र नेताम को रिटर्निंग ऑफिसर एवं जनपद पंचायत डौंडी के मुख्य कार्यपालन ▶▶| शेष पेज 14 पर

# सूने मकान में चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा

चोरी के प्रकरण में बालोद पुलिस को सफलता मिली। ग्राम परसुली के सुने मकान में दरवाजा का कुंदा तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम चोरी करने वाले 03 आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

■ बालोद पुलिस ने 6 लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी की बरामद

आ रो पी भीखम लाल सिन्हा, रामेश्वर उर्फ झम्मन सोनकर, जितेश उर्फ जीतु से सोने चांदी के जेवरात जप्त किया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल चांदी के जेवरात 1 किलो 650 ग्राम, सोना के गहने 27.600 ग्राम व नगदी रकम 34209 रूपये कुल रकम 6,02,709 रूपये जप्त किया गया।



मामले में परसुली थाना देवरी निवासी प्राथएँ कमलेश कुमार केशरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया की 26 अप्रैल के सह परिवार, रिश्तेदार व अन्य लोग घर में ताला लगाकर गये थे। सगाई कार्यक्रम से वापस रात्रि करीबन 12.30 बजे ग्राम परसुली अपने घर आये तो देखा कि घर का मेन दरवाजा का सिटकनी कुण्डी उखड़ा हुआ था और ताला लगा हुआ था, घर के अंदर आलमारी का दरवाजा खुला हुआ था। आलमारी के अंदर लॉकर में रखे चांदी ▶▶| शेष पेज 14 पर



# अधिवक्ता के साथ कथित अभद्र व्यवहार पर तहसील अधिवक्ता संघ का विरोध

## उपपंजीयक कार्यालय में माफी के बाद शांत हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही



तहसील अधिवक्ता संघ गुण्डरदेही के नेतृत्व एवं संरक्षक रियाज खान, राजेश सोनी तथा समस्त अधिवक्तागणों की उपस्थिति में सोमवार 11 मई को उपपंजीयक कार्यालय गुण्डरदेही में अधिवक्ता गिरीश साहू के साथ कथित अभद्र एवं अपमानजनक व्यवहार किए जाने के विरोध में अधिवक्ता संघ द्वारा जोरदार आपत्ति दर्ज कराई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपपंजीयक कार्यालय में कार्यरत दस्तावेज लेखक घनश्याम साहू एवं अन्य दस्तावेज लेखकों द्वारा अधिवक्ता गिरीश साहू के कार्य में हस्तक्षेप एवं अनुचित व्यवहार किए जाने संबंधी लिखित शिकायत अधिवक्ता संघ को प्राप्त हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विनय बंजारे के नेतृत्व में समस्त अधिवक्तागण उपपंजीयक कार्यालय पहुंचे एवं उपपंजीयक रविशंकर देवांगन को शिकायत आवेदन सौंपा। इस दौरान अधिवक्तागणों ने घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए अधिवक्ता सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा की बात कही।

अधिवक्ता संघ के आक्रोश को देखते हुए दस्तावेज लेखक घनश्याम साहू को समस्त अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, उपपंजीयक कार्यालय के अधिकारियों एवं उपस्थित पक्षकारों के समक्ष अपनी गलती स्वीकार कर माफी मांगनी पड़ी। साथ ही उनके द्वारा भविष्य में किसी भी अधिवक्ता के साथ इस प्रकार का व्यवहार न करने का आश्वासन दिया गया। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विनय बंजारे ने सभी दस्तावेज लेखकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी अधिवक्ता के साथ अभद्र या अपमानजनक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर अधिवक्ता बाबूलाल सिंहा, दिलीप तिवारी, सुलेखा सोनी, एचएस. सिंहा, एनपी. सिंहा, लक्ष्मण नायक, कुलेश्वर साहू, टूमन साहू, प्रवीण साहू, पैमान साहू, ए.आर. दिल्लीवार, रविकांत सोनकर, निश्चल तारम, गिरीश साहू, भिनेंद्र यादव, चंद्रभान निषाद, गौरी मार्कण्डेय, सलमा रिज़वी, महेंद्र यादव, छबिलाल बंजारे, दीपनारायण यादव, डी.एस. साहू, श्रवण चतुर्वेदी, परमेश्वरी ठाकुर, बीरेंद्र देशमुख, अजय गायकवाड़, राजेंद्र बेलचंदन, भेष साहू, सौरभ साहू, डी. कुंभकार, देवेंद्र चंद्राकर, रवि तिवारी, धर्मेंद्र साहू सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पुष्पा ने ग्लोबल बिजनेस समिट में किया प्रतिनिधित्व

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की स्टील मेल्टिंग शॉप–3 की महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस ने मलेशिया के विन्धम क्लांग में आयोजित ग्लोबल बिजनेस समिट में संयंत्र का प्रतिनिधित्व किया। ग्लोबल सिनर्जीः बिजनेस विदाउट बाउंड्रीज़ विषय पर हुए सम्मेलन में वैश्विक उद्योग क्षेत्र के प्रतिनिधि, नीति-निर्माता व विशेषज्ञ शामिल हुए। श्रीमती एम्ब्रोस ने विषय वैश्विक उद्योगों को बढ़ावा देनाः सहयोग और अवसर पर वैश्विक औद्योगिक परिदृश्य में सीमापार सहयोग, नवाचार तथा एकीकृत व्यावसायिक दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान वैश्विक औद्योगिक सहयोग, वर्ष 2026 एवं उससे आगे के आर्थिक परिदृश्य, वैश्विक गतिशीलता तथा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों व संस्थानों को सम्मानित किया गया।

### आकाशगंगा मार्केट में जनमित्र कार्यक्रम



**भिलाई।** आकाश गंगा मार्केट सुपेला में जनमित्र कार्यक्रम हुआ। जिसमें व्यापारियों, मजदूरों, वाहन चालकों को नशा, साइबर अपराध, ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ,निरीक्षक विजय यादव मार्केट में पहुंचे थे। लोगों को नशे से होने वाले गंभीर परिणाम, साइबर ठगी से बचाव के उपाय, ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर आवश्यक जानकारी दी। नशा संबंधी शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1933, साइबर फ्रॉड से जुड़े शिकायत के लिए 1930, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की सूचना 1033 नंबर पर संपर्क करने की जानकारी दी गई। वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, ट्रैफिक संकेतों का पालन करने की समझाइश दी गई। नागरिकों से क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील भी की गई। उक्त जनजागरुकता कार्यक्रम में पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### शहर में सफाई के लिए नई मशीन 15 किमी की सफाई महज 8 घंटे में

**दुर्ग।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब नगर निगम द्वारा आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सड़क सफाई कार्य में उल्लेखनीय तेजी लाई गई है। शहर क्षेत्र के अंतर्गत निगम प्रशासन द्वारा रोड स्वीपिंग कार्य को ट्रैफिक कम होने के पश्चात रात्रिकालीन समय में संचालित किया जा रहा है। इस पहल से न केवल सफाई कार्य में गति आई है, बल्कि दिन के समय यातायात भी प्रभावित नहीं हो रहा है। आधुनिक मशीन की विशेषता यह है कि यह लगभग 15 किलोमीटर लंबी एवं 10 फीट चौड़ा क्षेत्रफल को मात्र 8 घंटे में साफ करने की क्षमता रखती है। इससे पहले यही कार्य मैन्युअल रूप से करने में लगभग एक सप्ताह का समय लगता था। जानकारी के मुताबिक मशीन के माध्यम से सफाई कार्य में न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आया है।

# सुशासन तिहार में आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश

**बैठक**

**कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने जनसमस्या निवारण शिविरों की तैयारियों की समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तायुक्त ढंग से शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मिश्रा ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन एवं इस दौरान आम जनता से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। मिश्रा ने अधिकारियों को सुशासन तिहार एवं जनसमस्या निवारण शिविरों के सफल आयोजन हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने तथा ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सभी जनसमस्या निवारण शिविरों में पर्याप्त मात्र में कूलर आदि के अलावा आम जनता के लिए शीतल पेयजल, समुचित बैठक व्यवस्था सहित सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में मिश्रा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के संबंध में अधिसूचना जारी होने के पश्चात जिले के नगर पंचायत पलारी एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंच एवं सरपंच पद हेतु मई माह में संपन्न होने वाले उप निर्वाचन के कार्यो की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नगर पंचायत पलारी के अलावा जिले के जिन ग्राम पंचायतों में पंच एवं सरपंच पद हेतु उप निर्वाचन संपन्न होना है उन्हें सुशासन तिहार से पृथक रखा जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इस बात विशेष ध्यान रखने को कहा कि इन सभी स्थानों पर आदर्श आचार संहित का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक जनसमस्या निवारण शिविर में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले मेधावी विद्यार्थियों के अलावा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले संस्थाओं के शिक्षकों को सम्मानित करने हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन हेतु 08 मई को अधिसूचना जारी किए जाने के पश्चात संपूर्ण राज्य के साथ–साथ जिले के नगर पंचायत पलारी एवं संबंधित ग्राम पंचायतों में भी आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने की जानकारी दी। मिश्रा ने संबंधित नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने नगर पंचायत पलारी के अलावा जिन ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंच पद हेतु उप चुनाव संपन्न होना है इन्हें सुशासन तिहार से पूरी तरह मुक्त रखने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सभी नोडल एवं संबंधित अधिकारियों को अपने–अपने प्रभार वाले कलस्टर में आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के दौरान भी इस बात का विशेष ध्यान रखने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित कलस्टर में उप निर्वाचन वाले ग्राम पंचायतों का नाम शामिल होने पर संबंधित ग्राम पंचायत को सुशासन तिहार से मुक्त रखने हेतु त्वरित कार्यवाही करे। मिश्रा ने उप निर्वाचन वाले ग्राम पंचायतों में किसी भी स्थिति में निर्माण कार्यों की स्वीकृति के अलावा कार्य प्रारंभ तथा लोकार्पण एवं भूमिपूजन का कार्य आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने पर बिल्कुल भी नही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए उप निर्वाचन वाले क्षेत्रें में पूरी निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

# पीईटी प्रवेश परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने जारी किए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ 14 मई को बालोद में होगी परीक्षा, 319 परीक्षार्थी होंगे शामिल

जिला प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के आधार पर जिले के परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होने वाली पीईटी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए दिशा–निर्देश जारी कर दिया गया है। जिससे की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करने पड़े।

अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अजय किशोर लकरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के माध्यम से 14 मई को जिला मुख्यालय बालोद स्थित शासकीय घनश्याम गुप्त महाविद्यालय बालोद में पीईटी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 319 है। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपर 1.15 बजे तक संपन्न होगी।

लकरा ने प्रवेश परीक्षा के संबंध में जारी किए गए दिशा–निर्देशों के संबंध में बताया कि जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करने को कहा गया है। जिससे कि उन्हें परीक्षा दिवस के दिन कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे, जिससे उनका फ्रिस्किंग तथा फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सकें। परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े परीक्षा देने आए, काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। परीक्षार्थी फुटवियर के रूप चप्पल पहने, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण धारण करना वर्जित होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घण्टा में एवं परीक्षा समाप्ति आखिरी आधा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंटआउट ले और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें क्योकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, पेनकार्ड, आधारकार्ड जिसमें अभ्यथएं का फोटों का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगें। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में केवल काले व नीले बालपाइंट पेन को ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग में लाए। चयन प्रवेश के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है अतः इसे सुरक्षित रखें, व्यापम द्वारा दोबारा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। निर्देशों का पालन न करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जाएगा, परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

# बारिश से पहले नाला-नालियों की सफाई का अभियान तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आगामी वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी छोटे-बड़े नालों एवं नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई जा रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। निगम द्वारा स्मृति नगर दीनदयाल कॉलोनी, संजय नगर तालाब के सामने, सूर्यकुंड के पीछे स्थित पोलियो अस्पताल, वार्ड क्रमांक 31 दुर्गा पारा तथा जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र में लगातार सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। सफाई कर्मियों द्वारा नालियों में जमी गंदगी, कचरा एवं अवरोधों को हटाकर पानी के सुचारू बहाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम के सभी जोन का स्वास्थ्य विभाग अमला अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य में जुटा हुआ है। निगम प्रशासन का उद्देश्य बारिश के दौरान नागरिकों को जलभराव एवं गंदगी की समस्या से राहत दिलाना है।

# मदर्स-डे पर माताओं का सम्मान गुलाब भेंट कर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ आर्ट ऑफ गिविंग संस्था ने दिया मातृ सम्मान और पारिवारिक मूल्यों का संदेश




मातृत्व, प्रेम और त्याग के प्रतीक मदर्स–डे के अवसर पर सामाजिक संस्था आर्ट ऑफ गिविंग के वालंटियर्स द्वारा विशेष सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वालंटियर्स ने माताओं को गुलाब भेंट कर उनका सम्मान किया एवं उनके प्रतिकृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में युवाओं ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर माताओं को पुष्प भेंट किए तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किए। वालंटियर्स ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है और उनके त्याग, स्नेह एवं समर्पण का सम्मान करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को मातृ सम्मान एवं पारिवारिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की माताओं ने भाग लिया और संस्था की इस पहल की सराहना की। आर्ट ऑफ गिविंग के जिला समन्वयक यशवंत कुमार टंडन ने बताया कि आर्ट ऑफ गिविंग संस्था के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, सेवा और सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर आर्ट ऑफ गिविंग के वालंटियर्स पूजा कुंभकार फनेश्वरी साहू नेहा साहू सूरज नागवंशी देवेन्द्र कुमार ठाकुर अजय कुमार साहू उपस्थित थे।

### ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट में ट्रैफिक पुलिस चेकिंग

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा जिले में सड़क हादसों की रोकथाम और ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र स्थित चिन्हित ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नागिन दाई मंदिर अंडा, बसनी चौक धमधा, अहिवारा मोड़ मुरमुन्दा चौक, फुंडा चौक, मोतीपुर चौक अमलेश्वर समेत कुल 5 प्रमुख पॉइंटों पर सघन जांच की गई। जांच के दौरान 8 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। जिनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई। जांच में यह भी पाया गया कि कई मालवाहक वाहन चालक दिन के समय भी शराब सेवन कर वाहन चला रहे थे। सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर खतरनाक स्थिति है।

## पेज 13 के शेष

### नगरीय निकाय एवं ...

डौण्डी के 02 ग्राम पंचायतों के 1500 पुरूष एवं 1618 महिला मतदाता सहित कुल 3118 मतदाता है। इस तरह जिले के 05 जनपद पंचायतों के अंतर्गत 31 ग्राम पंचायतों में 22 हजार 421 पुरूष, 22 हजार 789 महिला मतदाता एवं अन्य 02 सहित कुल 45 हजार 212 मतदाता है। इसी तरह नगर पंचायत पलारी में कुल वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें 1854 पुरूष एवं 1912 महिला मतदाता सहित कुल 3766 मतदाता है। इसके साथ ही तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या शून्य है।

### रिटर्निंग ...

अधिकारी डीडी मंडले को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत पलारी के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामकुमार सोनकर को रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया है।

### सूने मकान में चोरी ...

का पायल 05 जोड़ी, चांदी का करधन 2 नग, सोने का रानी हार 01 नग, सोने का मंगलसूत्र 01 नग, चांदी का बिछिया 03 जोड़ी, सोने का फुल्ली 05 नग मशरूका किमती लगभग कुल 1,50,000 रू. एवं नगदी रकम 51,000 रू. कुल 2,01,000 रूपया को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, प्राथएँ के रिपोर्ट पर थाना देवरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

जांच के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घटना दिनांक को गांव के तीन व्यक्ति भीखम लाल सिन्हा, रामेश्वर उर्फ झम्मन सोनकर, जितेश उर्फ जीतु सोनकर प्राथएँ के घर के आस पास घुम रहे थे, संदेह पर तीनो संदेही आरोपियों को पकड़कर थाना देवरी लाया गया, आरोपियों से कडाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा खरखरा नंदी के पास शमशान घाट में सोने चांदी के जेवरात को गड्ढा कर छुपाना बताया, आरोपियों के बताये स्थान पर गवाहों की उपस्थिति में थाना स्टॉफ के साथ निशानदेही पर पहुंचकर उक्त सोने चांदी के जेवरात सोने का 01 नग रानी हार, सोने का 01 नग मंगलसुत्र काला मोती से गुथा हुआ, तीन जोड़ी बिछिया, 04 जोड़ी चांदी का पायल, 02 नग चांदी का करधन व नगदी रकम 34,000 रूपये को बरामद कर जप्त किया गया हैं। आरोपियों के विरूद्ध धारा अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## भेंट मुलाकात कार्यक्रम में देवेन्द्र यादव ने सुनी लोगों की समस्याएं

# जल संकट और बिजली कटौती पर भड़के विधायक, अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित अपने कार्यालय में भेंट मुलाकात कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे। विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

भेंट-मुलाकात में सबसे ज्यादा शिकायतें भीषण गर्मी के बीच जल संकट को लेकर सामने आईं। खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र से पहुंचे करीब 50 से अधिक महिला-पुरुषों ने विधायक को बताया कि उनके इलाके में पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में नई पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी के कारण काम समय पर पूरा नहीं हो पाया है। टंकी अब तक शुरू हो जानी थी, लेकिन देरी के चलते लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।

इस पर विधायक देवेंद्र यादव ने नाराजगी जताते हुए निगम जोन-4 के अधिकारियों को फोन पर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित इलाकों में तत्काल नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जाए और जहां जरूरत हो वहां पाइप लाइन का विस्तार किया जाए।

वहीं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के कोहका और कुरूद क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने बिजली कटौती की समस्या उठाई। लोगों ने बताया कि बिजली कंपनी बिना सूचना के कभी भी बिजली बंद कर देती है, जिससे आमजन खासकर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं गर्मी में बेहद परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। इस पर विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने और अनावश्यक कटौती बंद करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन, सहायता राशि, स्कूलों में बच्चों के प्रवेश और महतारी वंदन योजना से जुड़ी समस्याएं लेकर भी पहुंचे। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी मामलों में संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

## खबर संक्षेप

### बोरतरा में कर्मचारियों का मानदेय भुगतान पूर्ण

**बालोद।** जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोरतरा के ग्राम पंचायत के कर्मचारियों एवं स्वच्छता ग्राहियों को मार्च 2026 तक का मानदेय भुगतान पूर्ण हो गया है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे ने बताया कि ग्राम पंचायत बोरतरा में विकास कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। पंचायत प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ–साथ कर्मचारियों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छताग्राहियों एवं समस्त कर्मचारियों का मार्च 2026 तक का मानदेय भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही 15वें वित्त की राशि का उपयोग गांव में पानी, बिजली, स्वच्छता और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जा रहा है। पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए, कार्य पूर्ण होने पर नियमित रूप से भुगतान की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

### उप निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के संबंध में 08 मई को अधिसूचना जारी करने के पश्चात संपूर्ण राज्य के साथ–साथ बालोद जिले के नगर पचांयत पलारी एवं जिले के उप निर्वाचन वाले ग्राम पंचायतों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि जिले के नगर पंचायत पलारी एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हथौद, डेंगरापार, लाटाबोड़, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कंवर, धनेली, कोलिहामार, बालोदगहन, डढारी, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डुड़िया, सियनमरा, साजा, बोरगहना, सांकरी, हलदी, कसौंदा, मचौद, जेवरतला, देवरी ख. बोरगहन फु, खपरी ब, परना, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कापसी, कोरगुड़ा, करेंगांव, डेंगरापार, भण्डेरा, टटेंगा, बैहाकुआं, कसही लो एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ठेमाबुजुर्ग, अवारी में पंच एवं सरपंच पद का निर्वाचन मई 2026 में संपन्न होना है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की घोषणा की तिथि से निर्वाचन कार्यवाहियां संपन्न होने तक आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी। उक्त नगरीय क्षेत्र एवं ग्राम पंचायतों को सुशासन तिहार 2026 से मुक्त रखा जा रहा है। इसके साथ ही जिले के शेष नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार 2026 यथावत रहेगी।

### चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास, बची जान

**भिलाई।** दुर्ग रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हड़कंप मच गया। जब बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान एक यात्री का संतुलन बिगड़ गया। स्पीड़ पकड़ती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच के गैप में यात्री बुरी तरह फंस गया। जिससे उसकी जान पर बन आई थी। लेकिन मौजूद आरपीएफ के एएसआई निरंजन ने यात्री को देख तुरंत उसे बचा लिया। पलक झपकते ही यात्री को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया। इस खौफनाक मंजर को देख प्लेट फॉर्म दुर्ग में अफरा-तफरी मच गई थी। लेकिन जवान की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

### पर्व : श्रद्धालुओं ने वर्चुअली जुड़कर सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

# कपिलेश्वर मंदिर में मनाया गया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व







**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

जिला मुख्यालय बालोद के प्राचीन कपिलेश्वर मंदिर परिसर में "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअली जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई पूजा – अर्चना का अवलोकन कर उनका संबोधन सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान सोमनाथ मंदिर के स्वर्णिम इतिहास, विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमलों, मंदिर के पुनरनिर्माण यात्र, वर्तमान सरकार द्वारा किये जा रहे आस्था के केंद्रों का संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प सहित विभिन्न विषयों पर अपनी बातें देशवासियों से साझा की।

जिला मुख्यालय बालोद के कपिलेश्वर मंदिर में प्राचीन शिव मंदिर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, और श्रद्धालुओं ने विधी विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और आकर्षक रंगोली बनाया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में शिव तांडव नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति और भजन गायन भी किया गया। कार्यक्रम को जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू और जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया ने संबोधित करते हुए जिलेवासियों को "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ था और इसी ऐतिहासिक अवसर को देशभर में स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में बताया गया कि सोमनाथ मंदिर पर अनेक बार बाहरी आक्रांताओं द्वारा हमले किए गए, लेकिन मंदिर की आस्था और परंपरा को समाप्त नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि उनका त्याग आज भी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। देश की स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। उस समय देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने तमाम विरोधों के बावजूद सोमनाथ मंदिर पहुंचकर पुनर्निर्मित मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लिया था। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचीन शिव मंदिर में महाआरती से की गई। जिसमें अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, नगर पालिका बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, गिरिजेश गुप्ता, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में सोमनाथ संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ तथा सोमनाथ थीम पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र सोनी ने किया।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर जगन्नाथपुर शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना





**बालोद।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1100 वर्ष के उपलक्ष्य में बालोद जिले के ऐतिहासिक एवं प्राचीन जगन्नाथपुर शिव मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भगवान शिव की विधिवत पूजा कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर सरपंच देव कुंवर कोसमा, सचिव खिलेश कुमार सोनबोईर, उपसरपंच मनोज सुकतेल सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं पंचगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य दमयंती हरदेल, भाजपा मंडल जुंगेरा अध्यक्ष अरुण साहू, दौलत कोसमा, पत्रकार दीपक यादव तथा पुरातत्व विभाग के केयर टेकर उमाशंकर देवांगन मौजूद रहे।

**11वीं–12वीं शताब्दी का ऐतिहासिक शिव मंदिर:** बालोद जिले के बालोद–अर्जुन्दा मार्ग पर स्थित ग्राम जगन्नाथपुर का यह शिव मंदिर लगभग 11वीं से 12वीं शताब्दी का माना जाता है। यह मंदिर तालाब के किनारे ऊंचे स्थान पर स्थित है और अपनी प्राचीन स्थापत्य कला एवं धार्मिक महत्व के कारण विशेष पहचान रखता है। स्थानीय किंवदंतियों के अनुसार, जगदलपुर के राजा और रानी ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर की यात्र से लौटते समय यहां रुके थे। यहां के भक्तिमय वातावरण और प्रा—तिक सौंदर्य से प्रभावित होकर उन्होंने इस स्थान पर दो मंदिरों का निर्माण कराया। कहा जाता है कि उसी समय गांव का नाम "डुआ" से बदलकर "जगन्नाथपुर" पड़ा। मंदिर 12 पत्थर के स्तंभों पर टिका हुआ है, जिन पर सुंदर नक्काशी की गई है। मंदिर के गर्भगृह में प्राचीन शिवलिंग स्थापित है, वहीं भगवान गणेश की प्रतिमा भी श्रद्धालुओं के श्रद्धा का केंद्र है। यह मंदिर छत्तीसगढ़ राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि इस ऐतिहासिक धरोहर के बेहतर संरक्षण और सौंदयऍकरण की आवश्यकता है।

हाल ही में मंदिर परिसर के समीप 33 फीट ऊंची भगवान महादेव की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है, जो आने वाले समय में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण बनने जा रही है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लिया।

## डौण्डी में सामाजिक सद्भाव बैठक में धर्मांतरण, सामाजिक समरसता और कुरीतियों पर हुई चर्चा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डी**

स्थानीय पुलिस ग्राउंड स्थित सामुदायिक भवन में डौण्डी खंड स्तरीय सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से पहुंचे 14 समाजों के प्रमुखों, स्वजनों एवं मातृशक्तियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।


कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन, पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। बैठक में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने समाज की समस्याओं, सामाजिक विसंगतियों, कुरीतियों एवं धर्मांतरण जैसे विषयों पर विचार रखे। साथ ही सामाजिक समरसता और संगठित प्रयासों के माध्यम से समाधान पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता डेमनलाल तरार ने अपने संबोधन में समाज में बढ़ते धर्मांतरण, सामाजिक एकजुटता और समाज उत्थान के विषय पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग से ही समाज को मजबूत बनाया जा सकता है। बैठक में ब्राह्मण समाज से सौरभ चौबे, यादव समाज से जगतराम यादव, सेन समाज से अशोक भारद्वाज, हल्बा समाज से बंशीलाल रावटे सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में निषाद, साहू, धनकर, सोनी, राजपूत, गोंड, कुंभकार, जैन, बौद्ध, सेन, महार एवं अन्य समाजों के प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डेमनलाल तरार, अध्यक्ष पी.एल. सोनवानी, विशेष अतिथि एम.आर. नायक तथा कार्यक्रम संयोजक ईश्वर चक्रधारी रहे। अंत में रामनारायण धनकर ने आभार व्यक्त किया।

## शराब दुकानों में कथित हस्तक्षेप को लेकर भाजयुमो ने उठाए सवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही**

भाजयुमो जिला अध्यक्ष गुलशन कुमार साहू ने आरोप लगाया है कि बालोद जिले की विभिन्न शराब दुकानों में सूरज गुप्ता का बिना किसी अधिकृत पदस्थापना आदेश के खुले रूप से आना–जाना किया जा रहा है। सूरज गुप्ता ने आर्थराईज लेटर होने का दावा किया लेकिन वे दिखा नही सके।

गुलशन कुमार साहू ने जिला आबकारी अधिकारी को शिकायत पत्र लिखते हुए कहा है कि मोहला–मानपुर क्षेत्र में पूर्व में समन्वयक कॉर्डिनेटर के पद पर कार्यरत रहे सूरज गुप्ता को विभागीय शिकायतों के आधार पर पद से हटाया गया था। उन पर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचियों को संरक्षण देने, स्टाफ पर दबाव बनाकर कोचिया प्रथा को बढ़ावा देने तथा विभागीय कार्यप्रणाली को प्रभावित करने के गंभीर आरोप लगे थे। शिकायतों के पश्चात उन्हें पद से हटाया गया था। वर्तमान में स्थानीय स्तर पर यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि उन्हें बालोद जिले में किसी भी प्रकार का लिखित प्रभार अथवा अधिकृत जिम्मेदारी दिए बिना कार्य कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शराब आपूर्ति का ठेका प्राप्त करने वाली एसआईएस कंपनी के राज्य स्तरीय अधिकारियों के संरक्षण में सूरज गुप्ता की सक्रियता लगातार बनी हुई है। ऐसे में यह प्रश्न खड़ा होता है कि आखिर किस अधिकार से उन्हें दुकानों के संचालन एवं संबंधित गतिविधियों में हस्तक्षेप करने दिया जा रहा है। गुलशन कुमार साहू ने आरोप पत्र में कहा है कि कंपनी की भूमिका भी संदेह के घेरे में दिखाई दे रही है। यदि किसी व्यक्ति को पूर्व में गंभीर शिकायतों के कारण हटाया गया है तो पुनः उसे अप्रत्यक्ष रूप से कार्य में शामिल करना विभागीय पारदर्शिता एवं नियमों पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय नागरिकों एवं संबंधित कर्मचारियों में इस बात को लेकर असंतोष व्याप्त है कि अवैध शराब बिक्री और कोचिया प्रथा पर रोक लगाने के बजाय ऐसे लोगों को संरक्षण दिया जा रहा है जिन पर पहले से कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। भाजयुमो जिला अध्यक्ष गुलशन कुमार साहू ने जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यह स्पष्ट किया जाए कि सूरज गुप्ता किस अधिकार एवं किसके निर्देश पर बालोद जिले की शराब दुकानों में सक्रिय हैं।



■ जिला आबकारी अधिकारी को शिकायत सौंप निष्पक्ष जांच की मांग

साथ ही यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कंपनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सूरज गुप्ता ने कहा मेरे उपर लगाए गए सारे आरोप गलत एवं बेबुनियाद है, मेरे पास ऑर्थराईज पत्र है। मानपुर मोहला में कार्य के दौरान लगाए जा रहे आरोप गलत है।

## जिला सतनामी समाज की बैठक में सामाजिक एकता और शिक्षा पर जोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**



जिला सतनामी समाज की बैठक करहीभदर तहसील बालोद में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम बाबा जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। बैठक मे जिला, तहसील, निर्णायक कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला संरक्षक प्रेमदास टंडन ने समाज की एकता और समन्वय के साथ सामाजिक विकास के महत्व को बताया, धनेश बघेल अध्यक्ष निर्णायक कमेठी बालोद ने समाज की समस्या को समाज मे रहकर हल किया जाना चाहिए, कानूनी लड़ाई से समय और पैसा बर्बाद होता है, किसी भी प्रकार की समस्या के लिए आवेदन क्रमशः प्रस्तुत कर सकते है, निर्मला बंजारे एवं संजय जोशी ने समाज में शिक्षा के साथ महिलाओं को समाज मे समान प्रतिनिधित्व देने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष संजय बारले ने कहा कि समाज मे संत गुरू घासीदास दास बाबा जी के संदेश को आत्मसात करने पर ही तथा समाज की बुराइयों को त्यागने पर ही समाज का विकास संभव है, समाज के नियमावली का पालन करने पर जोर दिया गया, समाज मे मनखे मनखे सिंद्धांत का पालन करते हूए, प्राप्त आवेदन अंतर्जातीय विवाह प्रकरण एवं अन्य आवेदनों का निराकरण किया। बैठक का संचालन संतराम बंजारे एवं लक्ष्मीनारायण बघेल ने किया। डॉ.चन्द्र कुमार देशलहरे, सचिव द्वारा बैठक निर्णय को लिपिबद्ध किया। बैठक मे निर्मल बघेल, श्यामा बाई मारकंडेय, गंगा बाई टंडन, उधोराम बराहेन, लच्छूराम देशलहरे, धन्नू लाल टंडन, कृष्ण कुमार बंजारे, बीरबल डाहरे, धनी राम बारले, रमेश डाहरे, चन्दकुमार कुर्रे, देवल चतुर्वेदी, कुनाल कुर्रे, जगनू जोशी, ढुल्ले जांगडे, मन्नू जांगडे, नारायण, हेमसिंह, डिलेश्वर, राकेश खत्री, विकास खत्री, संपतलाल चतुर्वेदी, लोकेन्द्र गायकवाड़, भेदूराम, संजू, गौतरहिन बाई, पून्नी बाई, सावित्री बाई एवं सामाजिक उपस्थित थे।

## डीएमएफ मद से बने सीसी रोड में अनियमितता का

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा**

जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ) मद से ग्राम पंचायत चिपरा में स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत चिपरा के वार्ड क्रमांक 7 के पंच जोहन चावरे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर मामले की जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की है।

■ पंच ने प्रभारी मंत्री से जांच कर कार्रवाई की मांग की

शिकायत में बताया गया है कि ग्राम पंचायत चिपरा में डीएमएफ मद से दो सीसी रोड निर्माण कार्यों के लिए प्रत्येक सड़क हेतु 19 लाख 98 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। आरोप है कि निर्माण कार्य में शासकीय मापदंडों का पालन नहीं किया गया। पंच जोहन चावरे ने शिकायत में उल्लेख किया है कि



कहीं सड़क की चौड़ाई अधिक बनाई गई है तो कहीं कम कर दी गई है। साथ ही सड़क निर्माण में आवश्यक क्यूरिंग कार्य भी नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच के लिए सड़क के किनारे एवं बीच से कोर कटिंग कर परीक्षण कराने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि यदि जांच में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधितों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। इसके अलावा पंच ने पत्र में शिकायत के आधार पर की जाने वाली जांच एवं कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराने की मांग की है।

## जैन उपाश्रय में अर्पित जैन का दिव्य सत्संग आत्मकल्याण व समता भाव का दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा**

नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण स्थित सभागार में रविवार को जबलपुर से आए आध्यात्मिक वक्ता अर्पित जैन ने दिव्य सत्संग के माध्यम से धर्म, आत्मकल्याण और मोक्ष मार्ग पर विस्तृत प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि जैन धर्म पुनर्जन्म तथा कर्मों के फल को भोगने की व्यवस्था को मानता है और आत्मा को परमात्मा बनाने का मार्ग भी जैन धर्म में बताया गया है।



उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन मोक्ष प्राप्ति का श्रेष्ठ अवसर है, इसलिए मनुष्य को अपने कर्मों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। जैसा कर्म होगा वैसा ही फल प्राप्त होगा। आम का बीज बोकर इमली का फल प्राप्त नहीं किया जा सकता। यदि मनुष्य सुख चाहता है तो उसे सुखी बनने वाले कर्म भी करने होंगे। संसार का संबंध दुख से है और यहां मिलने वाले सुख केवल क्षणिक है। सत्संग में उन्होंने दृष्टिकोण परिवर्तन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि चेहरे पर दाग हो तो आइने को नहीं बल्कि चेहरे को साफ करना चाहिए। भगवान ने भी स्वयं के दोषों को दूर कर आत्मकल्याण का मार्ग अपनाया। इच्छाएं ही दुखों का मूल कारण हैं, इसलिए इच्छाओं के अभाव की इच्छा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने भीतर झांकने और आत्मा के कल्याण के लिए चिंतन-मनन करने की आवश्यकता है। सत्संग और स्वाध्याय केवल सुनने तक सीमित न रहकर जीवन में उतारना चाहिए, तभी उसका वास्तविक लाभ मिलेगा।

भगवान की वाणी समता और शांति का संदेश देती है तथा धर्म की सभी क्रियाएं मनुष्य को भीतर की ओर ले जाने वाली हैं। अर्पित जैन ने कहा कि सामायिक का सही अर्थ समता भाव है। जिसने समता को समझ लिया वह घर, परिवार और व्यापार हर जगह शांत एवं सुखी रह सकता है। भगवान को मानने के साथ उनकी बातों को जीवन में उतारना भी आवश्यक है। आत्मा में ही सच्चा सुख है और आत्मरस से बड़ा कोई रस नहीं है। भगवान के बताए मार्ग पर चलकर ही आत्मकल्याण संभव है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### छग सर्व आदिवासी समाज की बैठक आयोजित

**बालोद/कलंगपुर।** छग सर्व आदिवासी समाज की बैठक गुण्डरदेही में आयोजित की गई, छग सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह तारम ने बताया कि दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक 7 जून को गुण्डरदेही में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में विभिन्न पहलुओं पर बिंदुवार चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह तारम, सचिव थानसिंह मंडावी, तहसील अध्यक्ष उमाशंकर नेताम, कर्मचारी प्रकोष्ठ ताराचंद मंडावी, दुलार सिंह ठाकुर, संतोष तारम, प्रकाश नेताम, हितेश कुंजम, टेक राम मंडावी, लक्की कुमरे, राजू ठाकुर, यशवंत मंडावी, बलराम मराई, पोषण लाल छेदेहा, गणेश ठाकुर, बहरू राम मंडावी, चेतन ठाकुर, पुरेन्द्र चंद्रवंशी, गौकरण मेरिया उपस्थित थे।

### खाद संकट से जूझ रहे किसान, कुसुमकसा सोसायटी में वितरण शुरू नहीं

**कुसुमकसा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा में खाद उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद लेने पहुंचे किसानों को बताया गया कि डीएपी और यूरिया खाद का आबंटन कम आया है तथा बिक्री दर निर्धारित नहीं होने से वितरण शुरू नहीं किया गया है। इससे बड़ी संख्या में किसान सोसायटी के चक्कर काटने को मजबूर हैं। समिति में 2192 किसान सदस्य पंजीकृत हैं। कुसुमकसा सहित आसपास के कई गांवों के किसान यहां से खाद-बीज लेते हैं। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन की तैयारी शुरू हो चुकी है, लेकिन समय पर खाद नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो सकती है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि शासन सुशासन तिहार मना रही है, जबकि किसान खाद के लिए भटक रहे हैं।जानकारी के अनुसार इस वर्ष प्रति एकड़ खाद वितरण की मात्रा में कटौती की गई है। किसानों को अब एक बोरी डीएपी और एक बोरी यूरिया ही दिए जाने का प्रावधान किया गया है, जबकि पिछले वर्ष अधिक मात्रा में खाद मिलती थी। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने इसे सरकार की कृषि नीति की विफलता बताते हुए किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और कटौती संबंधी आदेश वापस लेने की मांग की है।

### कोयले से भरे ट्रक में लगी आग

**भिलाई।** दुर्ग जिले के कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा के पास कोयले से भरे एक ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह कोयले से भरा एक ट्रक खड़ा था। अचानक उसमें लदे कोयले से धुंआ निकलना शुरू हो गया। ट्रक में आग लगने की सूचना से वहां हल्ला हो गया। तुरंत मामले की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और ट्रक में लगी आग को बुझाया गया। आग से कितने का नुकसान हुआ और आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आयोजन : समाज को शिक्षित और संगठित होने का संदेश**

# आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति ने वार्षिक अधिवेशन में समाज की एकजुटता, शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति तहसील गुरूर का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन गोंडवाना भवन गुरूर में सम्पन्न हुआ।

समाज के पदाधिकारी द्वारा आदिवासी गोंड सामाज के सम्मान के प्रतीक सतरंगी ध्वजारोहण कर एवं आदिशक्ति बूढ़ा देव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया, स्थानीय बस स्टैंड में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। स्वागत भाषण युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरुण नेताम ने प्रस्तुत किया, तहसील कोषाध्यक्ष गुलेंद्र कतलाम ने वार्षिक आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि केशकाल विधायक पूर्व आईएस अधिकारी नीलकंठ टेकाम थें। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष उतरा मरकाम ने किया।







अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, पूर्व विधायक कांकेर पूर्व आईएस अधिकारी शिशुपाल सोरी, महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुमीत राजपूत, विशेष अथिति अध्यक्ष महिला प्रभाग वीर मेला आयोजन समिति मंजू प्रभाकर, अध्यक्ष वीर मेला आयोजन समिति यूआर गंगराले, महासचिव गोंडवाना समाज बालोद कृष्ण कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष तहसील गोंडवाना समाज एचके कुंजाम, परिक्षेत्र अध्यक्ष रूपराम नागवंशी, मेघनाथ सलाम, मेहतर नेताम, लीलार सिंह नागवंशी, भागीरथी कोर्राम, गणेश नेताम, मनोज नेताम उपस्थित थे।

मुख्यअतिथि नीलकंठ टेकाम ने कहा कि गोड़ समाज की पूरे देश में बहुलता है, आज समाज शिक्षा, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक स्थिति में आगे बढ़ रहा है, समाज को एक जुट होकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए, अपने संवैधानिक अधिकारों की जानकारी तब होगी तब समाज शिक्षित होगा। पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा ने कहा कि आदिवासी गोंड समाज भारत की प्राचीन और समृद्ध संस्कृति के संरक्षक है, जल, जंगल, जमीन की रक्षा में अटूट विश्वास रखते है, यह समाज सादगी, प्रेम, एकजुटता का प्रतीक है। पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी ने कहा समाज के कई ऐसी परंपराएं आज भी जीवित है जो आर्थिक रूप से समाज को कमजोर कर रही है, उस परम्परा को त्याग कर समाज को व्यापारिक तकनीक रूप में कार्य करना चाहिए ताकि समाज आर्थिक रूप से मजबूत हो।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर आदिवासी गोंडवाना समाज तहसील सचिव शैलेन्द्र सोरी, सहसचिव रामेश्वर धुरव, जिला अध्यक्ष युवा प्रभाग नागेश्वर सलाम, आडिटर राजू उईके, युवा प्रभाग अध्यक्ष अरुण नेताम, भुनेश्वर ठाकुर, भुनेश्वर खुसरो, रवि नेताम, भीम सेन पड़ोती, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, राधे लाल नागवंशी, बलराम गोटी, मान सिंह पोया, नवल सिंह धुरव, सुंदर लाल नागवंशी, संतराम नागवंशी, पीआर ठाकुर, नानक ऊईके, साधुराम कोरेटी, सखाराम कुरैटी, बल्ला कुंजाम, रामनारायण ऊईके, नोमेश दुग्गा सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरुष उपस्थित थे।

## भारतीय किसान संघ की जिला बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

■ खाद-बीज संकट दूर नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

भारतीय किसान संघ जिला बालोद कि बैठक गुरुर नगर के देऊर मंदिर परिसर में हुआ। जिसमें भारतीय किसान संघ जिला बालोद में संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। जिसमें अगले साल होने वाले सदस्यता अभियान के बारे मे चर्चा किया गया और किसानों की विभिन्न समस्या विशेष कर खाद, बीज कि समस्या के बारे में चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसानों की समस्या दूर नहीं हुआ तो आंदोलन करने पर भी विचार किया गया।

जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू ने सभी तहसीलों के किसानों को भारतीय किसान संघ में जुड़ने कि अपील की है। बैठक में भारतीय किसान संघ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बालोद जिला प्रभारी टीकेन्द चंद्राकर, मंत्री चाणक्य यादव, जैविक प्रमुख मनहरण साहू गुण्डरदेही, तहसील अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, गुरुर तहसील संयोजक जीवन लाल साहू, मंत्री मोतीलाल साहू जिला बालोद कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहू, सहकारिता प्रमुख बुधरु राम साहू, विद्युत प्रमुख खुमु राम ठाकुर, पुहपा राम साहू, निहाल सिंह साहू एवं अन्य किसानों की उपस्थिति रही।

## बढ़ते नशे और सट्टे पर रोक लगाने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**गुण्डरदेही।** सोमवार को विधानसभा एनएसयूआई द्वारा क्षेत्र में बढ़ते सट्टा, बढ़ते नशा और मादक पदार्थों के अवैध तस्करी को रोक लगाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक बालोद के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई के अध्यक्ष उस्मान रजा ने कहा कि वर्तमान में बालोद जिले सहित पूरे प्रदेश में शराब, गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थ सहजता से उपलब्ध हो रही है, जिसके कारण युवा वर्ग विशेषकर नशे की चपेट में है और चाकूबाजी, चोरी, बलात्कार एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे है, जिसे तत्काल रोक लगाने की मांग एनएसयूआई के द्वारा की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान रूपेश राणा, नमन यादव, जतिन ठाकुर, अमन कुमार एवं अन्य एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरपंच प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन, युवाओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अण्डा

■ वार्ड क्रमांक 6 की धुरंधर इलेवन बनी विजेता

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोड़िया में सरपंच खुमान निषाद, पंचायत के पंच-उपसरपंच एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पहली बार सरपंच प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन खेल मैदान में वार्डवार टीमों के बीच कराया गया। प्रतियोगिता को लेकर गांव में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में ग्रामीण मैच का आनंद लेने पहुंचे। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए वार्ड क्रमांक 6 की धुरंधर इलेवन टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वार्ड 05 की सुपर किंग्स टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। रॉयल चैलेंजर एवं एचएम एकता टीम ने तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कई वर्षों बाद गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होने से पूरे ग्राम में खुशी का माहौल रहा। युवाओं और खिलाड़ियों में विशेष उत्साह नजर आया। फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।



व्यक्तिगत पुरस्कारों में मैन ऑफ द मैच का खिताब सुधीर निषाद को मिला। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार टीकम निषाद, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार हेमंत निषाद, बेस्ट फील्डर का पुरस्कार भुनेश्वर निषाद तथा बेस्ट कैचर का पुरस्कार साहिल यादव ने अपने नाम किया। इस अवसर पर सरपंच खुमान निषाद ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता केवल खेल नहीं, बल्कि गांव के युवाओं को एकजुट करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि गांव के युवाओं की प्रतिभा को मंच देना और उन्हें आपस में जोड़कर रखना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि युवा ही गांव के विकास की पहली सीढ़ी हैं, और यदि खेल के माध्यम से युवाओं को जोड़ा जा सके तो यह गांव के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

## 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा में सशिमं के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन







हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरुर का कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।



कक्षा पांचवीं में ओजस्वी सिंहा पिता भूपेन्द्र सिंहा माता शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तारएँ तथा खुशबू पिता शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला कोसमी देवेंद्र कुमार, माता सरपंच ग्राम पंचायत घोघोपूरी तरुणा ठाकुर ने जिले में 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। ओजस्वी सिंहा का नवोदय विद्यालय दुधली के लिए भी चयन हुआ है। द्वितीत स्थान पर डामेश साहू पिता मोहन लाल साहू 94 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर रेहाश ठाकुर पिता नरेश ठाकुर 92 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा आठवीं बोरा में भोजकुमारी पिता संतोष साहू 96.67 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, द्वितीय योगिता पिता भुवनेश्वर सिंहा 96.17 प्रतिशत तथा तृतीय थान पर जयंत साहू पिता भीखम लाल साहू 91.33 प्रतिशत। विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य मुरलीधर साहू एवं आचार्य गण तथा विद्यालय समिति के व्यवस्थापक जयंत किरी, अध्यक्ष इशप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष कौशल साहू सहित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

## कोरगुड़ा में सात दिवसीय तनाव मुक्त राजयोग शिविर का शुभारंभ

**डौण्डीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौण्डीलोहारा एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कोरगुड़ा में निःशुल्क सात दिवसीय "तनाव मुक्त राजयोग शिविर" का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत कोरगुड़ा के सरपंच लक्ष्मीनारायण देवांगन, पूर्व पंच महेन्द्र कुमार देशमुख, ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी, ब्रह्माकुमारी लता दीदी एवं ब्रह्माकुमारी कविता बहन ने प्रभु स्मृति एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को मानव जीवन में बढ़ते तनाव से मुक्ति पाने के लिए राजयोग ध्यान, सकारात्मक चिंतन एवं आध्यात्मिक जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि नियमित योग एवं ध्यान से मानसिक शांति, आत्मविश्वास तथा सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। ब्रह्माकुमारीज़ डौण्डीलोहारा की प्रभारी सीमा दीदी ने बताया कि यह शिविर 11 मई 2026 से ग्राम पंचायत कोरगुड़ा के सामने प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक ग्रामीणों से शिविर का लाभ लेने की अपील की।




## भीषण गर्मी में आर्ट ऑफ लिविंग गिविंग संस्था ने बनाया प्याऊ घर

**अंडा।** भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के वालंटियर्स द्वारा ग्राम गुरेदा में श्रमदान कर प्याऊ घर का निर्माण किया गया। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, ग्रामीणों एवं जरूरतमंद लोगों को गर्मी के मौसम में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। वालंटियर्स ने सामूहिक श्रमदान करते हुए प्याऊ घर को तैयार किया तथा वहां पानी की व्यवस्था भी की। इस सेवा कार्य में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज को "सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है" का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के जिला समन्वयक यशवंत कुमार टंडन ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत जी सदैव मानव सेवा, सामाजिक सहयोग और जरूरतमंदों की सहायता के लिए कार्य करती रही है। गर्मी के इस मौसम में प्याऊ घर लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।ग्रामीणों एवं राहगीरों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए वालंटियर्स का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गुरेदा के सरपंच महेन्द्र साहू ने युवाओं की कार्य की सराहना किया। संस्था के वालंटियर पूजा कुंभकार, फनेश्वरी साहू, नेहा साहू, सूरज नागवंशी, देवेन्द्र कुमार ठाकुर, अजय कुमार साहू , तोरण कुंभकार, अमृत कुंभकार ,चित्रागण कुंभकार ,कुंभकार यामिनी साहू, तुलिका निषाद, हेनम कुंभकार, गायत्री साहू, सोनम निषाद, तुषांत साहू, एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।




■ श्रमदान कर राहगीरों और ग्रामीणों के लिए की ठंडे पेयजल की व्यवस्था

### फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** हत्या का प्रयास कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। दुर्ग पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी नंदन कुमार साव अपने दोस्त के साथ राजीव नगर जैतखाम के पास होली खेल रहा था। तभी आरोपी निवासी वार्ड 19 राजीव नगर अमन माकरंडेय, शास्त्री नगर कैम्प 1 मनोहर टंडन पहुंचे और वहां खड़े होने की बात को लेकर पीड़ित से विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज कर ईंट से सिर पर हमला कर दिया। पीड़ित को घटना में गंभीर चोट आई। उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**जल जीवन मिशन की बदहाल स्थिति पर जताई नाराजगी**

## ब्लॉक सरपंच संघ की बैठक में पंचायत समस्याओं पर मंथन


हरिभूम न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



जनपद पंचायत डौडीलोहारा के सभागार में 11 मई दिन सोमवार को ब्लॉक सरपंच संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष कांति भूषण साहू थे। अध्यक्षता ब्लॉक सरपंच संघ की अध्यक्ष पुष्पलता बघेल ने की। सरपंचों ने अपने कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं पर चर्चा की।

सरपंचों ने बताया कि सुशासन तिहार शिविर घीना में क्लस्टर के सरपंचों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। बीईओ ने सरपंचो से कहा कि आपको किसने बुलाया है यहां कोई व्यवस्था नहीं है। इसी प्रकार कई विभागों ने सरपंचों को पानी के लिए भी नहीं पूछा। सरपंचों के खिलाफ आ रहे अविश्वास प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। भुरकाभाट के सरपंच ने अतिक्रमण का मामला उठाया। ब्लॉक के सरपंचों ने पेयजल की स्थिति गंभीर होने तथा जल जीवन मिशन के तहत अधूरा पड़े कार्य का उल्लेख किया। सरपंच एवं सचिवों के बीच तालमेंल नहीं होने के कारण पंचायत में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष ने कहा कि सुशासन तिहार के शिविरों में सरपंचों को सम्मान मिले और उन्हें मंच पर स्थान भी मिलना चाहिए। जल जीवन मिशन के कार्यों की स्थिति बहुत दयनीय है। ठेकेदार काम नहीं कर रहे हैं। मिशन के काम में अधिकारी भी रुचि नहीं लेते। इस संबंध में जिला प्रशासन से बात करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पलता बघेल ने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था में सरपंचों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सुशासन तिहार शिविर घीना में अव्यवस्था थी। सरपंच संघ की बैठक में नीता रावटे, डोमेश्वरी यादव, भूषण देवांगन, निर्मला ठाकुर, एकता देशलहरे, टोमीन भोयर, कीर्ति बाई, आनंदराम रावटे, गितेश घोसले, अश्वनी खरे, दीप्ति साहू, रेनू गायकवाड़ सहित अनेक सरपंच उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर



स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
10 सितम्बर, 15 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर 2026
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411